राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

पर्यावरण अनुकूल जीवनचर्या अपनाने का किया आह्वान

राज्यपाल ने की ''रन फॉर एन्वायरमेंट'' की शुरुआत

जयपुर/माउंट आबू, 5 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर राजभवन, माउंट आबू के प्रवेशद्वार से पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के लिए आयोजित ''रन फॉर एन्वायरमेंट'' को हरी झंडी दिखाकर उसकी शुरुआत की। उन्होंने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने, पर्यावरण अनुकूल जीवनचर्या अपनाने और कार्बन उत्सर्जन को कम से कम किए जाने का आह्वान किया।

पर्यावरण संरक्षण समिति, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित ''रन फॉर एन्वायरमेंट'' दौड़ में स्काउट शिविर में भाग लेने आए स्काउट्स की बड़ी संख्या के साथ ही जिला अधिकारियों, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े स्वंवसेवकों आदि ने भाग लिया।